Regarding establishment of an IIM in Phulpur, Uttar Pradesh-Laid

श्री प्रवीण पटेल **(फूलपुर) :** प्रयागराज दशकों से उत्तर प्रदेश की शैक्षणिक राजधानी रहा है । यहाँ स्थापित संस्थानों ने राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया है । इलाहबाद विश्वविद्यालय को 'पूरब का ऑक्सफोर्ड' कहा जाता है । 1887 में स्थापित देश के चौथे सबसे पुराने इस विश्वविद्यालय ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक, हर क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान किया । यहां के संस्थानों ने यह सिद्ध किया है कि प्रयागराज में शिक्षा और उत्कृष्टता का एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र मौजूद है । यहाँ ज्ञान की एक ऐसी उपजाऊ जमीन है जहाँ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कोई भी नई पहल तुरंत जड़ पकड़ सकती है । इतने समृद्ध शैक्षणिक इतिहास के बावजूद, आज प्रयागराज में शीर्ष स्तर के प्रबंधन संस्थान की कमी महसूस की जाती है । आज, जब देश आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, तो हमें ऐसे कुशल प्रबंधकों, उद्यमियों और व्यापारिक नेतृत्व की आवश्यकता है जो नए भारत के आर्थिक इंजनों को चला सकें । IIM जैसे संस्थान इस आवश्यकता को पूरा करने की कुंजी हैं । फूलपुर में IIM की स्थापना करना सिर्फ एक संस्थान खोलना नहीं होगा, यह क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करेगा यह पूर्वी उत्तर प्रदेश और आस-पास के क्षेत्रों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन शिक्षा के लिए पलायन करने से रोकेगा ।